## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर।

पत्रांक 814 / W-18 / 231 दिनांक 12-05-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित '' जल जीवन मिशन सड़क मरम्मत में अनियमितता का आरोपः सिद्धार्थनगर के बंजरहा बुजुर्ग में घटिया काम, ग्रामीण नाराज'' के सम्बंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित '' जल जीवन मिशन सड़क मरम्मत में अनियमितता का आरोपः सिद्धार्थनगर के बंजरहा बुजुर्ग में घटिया काम, ग्रामीण नाराज'' के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बंजरहा बुजुर्ग पाइप पेयजल योजना का कार्य मेसर्स वी०एस०ए०–एस०सी०एल० (जे०वी०) द्वारा सम्पादित कराया जा रहा है। उक्त पेयजल योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली 90 प्रतिशत, गृह संयोजन 60 प्रतिशत, पम्प हाउस 90 प्रतिशत, बाउन्ड्रीवाल 90 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय 90 प्रतिशत, सोलर 100 प्रतिशत एवं सड़क रेस्टोरेशन का कार्य 90 प्रतिशत शेष का कार्य प्रगति पर है। उक्त पेयजल योजना का भौतिक प्रगति 80 प्रतिशत के सापेक्ष वित्तीय प्रगति 52 प्रतिशत है। समाचार पत्र के माध्यम से शिकायत किया गया है कि उक्त पेयजल योजनान्तर्गत सड़क मरम्मत कराने में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उक्त पेयजल योजना का निरीक्षण आज दिनांक 12.05.2026 का जू०इं०, टी०पी०आई० एवं सम्बन्धित फर्म के इंजीनियर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 110 मी० सी०सी० रोड़ के रेस्टोरेशन के दौरान ग्रामवासियों द्वारा आवागमन के कारण कुछ स्थानों पर सी०सी० रोड़ क्षतिग्रस्त हुआ है। जिसको मौके पर सही कराने हेतु सम्बन्धित फर्म निर्देशित कर दिया गया है। मौंके पर उपस्थित ग्राम प्रधान द्वारा भी कराये जा रहे रोड़ रेस्टोरेशन के कार्यो की गुणवत्ता संतोषजनक बतायी गयी। साथ ही उक्त पेयजल योजना के अवशेष कार्यो को शीघ्र ही पूर्ण कराकर योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ कराने हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०स० एवं दिनांक यथोपरिः–

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1– मुख्य अभियन्ता (गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
3– श्री अमर बहादुर, सहायक अभियन्ता।
4– श्री ज्योतिष चौधरी, जूनियर इंजीनियर।
5– मेसर्स वी०एस०ए०–एस०सी०एल० (जे०वी०), सिद्धार्थनगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner